# बाबाजी का सत्संग प्रोग्राम – फेटविल

बुधवार, जुलाई 31 और गुरुवार, अगस्त 1, 2024

**प्रोग्राम**

| | |
|---|---|
| गेट खुलने का समय: | 6:30 am |
| सत्संग हॉल खुलने का समय: | 6:30 am |
| अपनी सीटों पर बैठ जाने का समय: | 9:15 am |
| सत्संग शुरु: | 10:00 am |
| साइट बंद होने का समय: | 1:00 pm |

**केवल नोर्थ सेंट्रल और साउथईस्ट क्षेत्रों के निवासी जो की निम्नलिखित राज्यों में रहते हैं, फ़ेटविल सत्संग प्रोग्राम में भाग ले सकते हैं। (AL, DC, FL, GA, IA, IL, IN, KY, LA, MD, MI, MN, MS, NC, ND, NE, OH, SC, SD, TN, VA, WI, WV)**

**अमरीका से बाहर रहने वाली संगत को अमरीका या कनाडा में कोई भी सत्संग प्रोग्राम पर जाने की इज़ाज़त नहीं है। सिर्फ साउथ अमेरिका, सेंट्रल अमेरिका, मेक्सिको और कॅरीबीयन की संगत को फेटविल्ल या पेटालूमा में से किसी एक सत्संग प्रोग्राम पर आने के लिए आमंत्रित किया जाता है, लेकिन दोनों पर नहीं।**

**सत्संग प्रोग्राम** – प्रश्न-उत्तर प्रोग्राम प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे शुरु होगा।

**आने का समय** - कृपया साइट पर सुबह 6:30 बजे से पहले न आएं। ज़्यादा जल्दी पहुँचने से सुरक्षा और ट्रैफिक के लिए खतरे की स्थिति पैदा हो सकती है। गेट्स खुलने तक संगत के लिए कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। कृप्या अपनी समझ और अपना सहयोग दें और सेवादारों को साइट पर पहुँचने और तैयार करने के लिए समय दें। **किसी को भी सुबह 6:30 बजे से पहले सत्संग हॉल में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। समय पर आने वालों के प्रति न्याय बनाए रखने के लिए, एक रैंडम चयन प्रक्रिया के अनुसार अलग अलग लाइन को सत्संग हॉल में भेजा जाएगा।**

**बैठना** - संगत को सुबह 9:15 बजे तक बैठ जाना चाहिए। वे लोग जो साथ में बैठना चाहते हैं, उन्हें एक-साथ आना चाहिए। दूसरों के लिए सीटें रिज़र्व करने या रखने की अनुमति नहीं है। सबकी सुरक्षा और सुविधा के लिए, कृप्या सेवादारों के साथ सहयोग करें।

**सत्संग का साथ-साथ अनुवाद (**सिमल्टेनीयस ट्रैन्स्लेशन**)** – सत्संग का पंजाबी या हिंदी से अंग्रेज़ी और अंग्रेज़ी से स्पेनिश का साथ-साथ अनुवाद होगा। इसके लिए हेडफोन के साथ सत्संग हॉल में एक निर्दिष्ट बैठने की जगह की व्यवस्था की गई है। कृप्या ध्यान दें कि, वहाँ बैठने की सुविधा सीमित है, इसलिए जो पहले आएँगे, उन्हें वहाँ बैठने का मौक़ा भी पहले मिलेगा।

**प्रश्न और उत्तर** – हर एक दिन प्रश्न-उत्तर प्रोग्राम होगा। जो कोई बाबा जी से प्रश्न पूछना चाहते हैं, उन्हें प्रतिदिन सत्संग से पहले होने वाले एक रैंडम सिलेक्शन (random selection) के माध्यम से चयन किया जाएगा। चयन क्षेत्र सुबह 6:30 am बजे खुलेगा और 8:00 am बजे को बंद होगा, जिसके बाद चयन होगा। यदि आप कोई प्रश्न करना चाहते हैं, तो अपनी सीट रख कर सत्संग एंट्रेंस नम्बर 2 प्रश्न और उत्तर चयन क्षेत्र में आएं। यदि आपका चयन नहीं हुआ, तो आपको अपनी सीट पर वापस जाना होगा। एक बार चयन पूरा हो जाने के बाद, कोई भी प्रश्न और उत्तर के लाइन में शामिल नहीं हो सकता है।

**प्रश्न और उत्तर के लिए निर्देश**

डेरा ने प्रश्नों के संबंध में निम्नलिखित जानकारी प्रदान करने का आग्रह किया है:

1. प्रश्न करने वाले की उम्र 18 साल या उससे अधिक आयु के होना चाहिए।
2. प्रश्न संक्षेप और स्पष्ट होना चाहिए।
3. केवल **एक** ही प्रश्न पूछा जाना चाहिए।
4. प्रश्न आध्यात्मिक होने चाहिए और व्यक्तिगत, आर्थिक, स्वास्थ्य, परिवार, या राजनीतिक समस्याओं के बारे में नहीं होना चाहिए।
5. दूसरों की ओर से प्रश्न नहीं पूछा जाना चाहिए।
6. लंबे नोट्स, कविताएँ या पत्र नहीं पढ़े जाने चाहिए।
7. बाबाजी जब आपके प्रश्न का उत्तर दे रहे हैं, तो उन्हें बोलते हुए टोके नहीं; उनका उत्तर पूरा होने के बाद ही कुछ कहें ।

**संगत से अनुरोध**

1. **प्रोग्राम के दौरान कभी भी तालियाँ नहीं बजानी चाहिए।**
2. **कृप्या प्रश्न पूछने वाले व्यक्ति की गोपनीयता का सम्मान करें और प्रश्न पूछने वाले व्यक्ति की ओर मुड़कर न देखें।**

**इन चीज़ों को लेकर आना मना है** – मोबाइल फोन, पेजर, कैमरा, दूरबीन, लेजर पॉइंटर, ऑडियो प्लेयर, घड़ी, और अन्य उपकरण जो ऑडियो/वीडियो रिकॉर्ड या प्रसारित कर सकते हैं, विडीओ गेम अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और हथियार, इन्हें सत्संग हॉल, फ़ैमिली एरिया (Family area), और आस-पास के जगहों में बिलकुल नहीं लाया जाना चाहिए। ऐसे किसी भी सामान को आपके आवास स्थान, वाहन में छोड़ना या सेवादारों के पास जमा करना होगा।

**इलेक्ट्रॉनिक जाँच** – संगत की इलेक्ट्रॉनिक तरीक़े से जाँच हो सकती है।

**तस्वीर लेना और ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग** किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के उपयोग से करने की, सत्संग के किसी भी स्थान पर अनुमति नहीं है।

**बड़े बैग और पर्स** (लगभग 6" x 9" से अधिक) और खाद्य और पेय (केवल पानी को छोड़कर) को सत्संग हॉल के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। कृपया ध्यान दें कि सत्संग की जगह या फ़ैमिली एरिया (Family area) में प्रवेश पर हर बैग की जाँच होगी। छोटी गद्दी (cushion) की अनुमति है, लेकिन मेटल फ्रेम वाले किसी भी आसन की अनुमति नहीं होगी।

**नोट्स लेना** – बाबाजी की इच्छा है कि हम उनके साथ होने का पूरा फायदा उठाएं और समय और ध्यान को नोट्स लेने में न बर्बाद करें। कृपया सत्संग, प्रश्न-उत्तर के दौरान नोट्स ना लें। नोट्स लेने और ऐसे नोट्स को किसी भी तरीक़े से अन्यों को पहुँचाना, इंटरनेट के माध्यम से भी, मना किया जाता है।

**पार्किंग** – दूर के पार्किंग एरिया से बुजुर्गों और विशेष आवश्यकताओं वालों की सहायता के लिए सीमित यातायात (transportation) का प्रबंध किया जा सकता है। अगर आप RDU ( राले-दुरहम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे) Raleigh-Durham International Airport से अपनी फ्लाइट पकड़ रहें हैं तो कृपया करके 2 घंटे का अतिरिक्त समय क्षेत्र में यातायात के कारण, रखें।

**बच्चों के साथ आना** – 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को सत्संग में जाने की अनुमति है। 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों को माता-पिता या अभिभावक के साथ फ़ैमिली एरिया (Family area) में जाना होगा। सत्संग के दौरान और सत्संग सेंटर पर हर समय, बच्चों के लिए माता-पिता और अभिभावक जिम्मेदार होंगे। कृपया अतिरिक्त जानकारी के लिए फ़ैमिली एरिया पेज देखें।

**विशेष आवश्यकताएँ** – उन लोगों के लिए सहायता प्रदान की जाएगी जिनकी विशेष आवश्यकताएं हैं। जब आप पहुंचें, तो कृपया स्पेशल नीड्स (Special Needs) ड्रॉप ऑफ और पार्किंग के संकेतों का पालन करें। सेंटर, कोई भी चिकित्सा के लिए उपकरण (मेडिकल इक्विप्मेंट) प्रदान करने में असमर्थ है, जैसे कि व्हीलचेयर, व्यक्तिगत उपयोग के लिए वॉकर इत्यादि। **अपनी ज़रुरत की चीज़ें ख़ुद लेकर आएँ।** अधिक जानकारी और स्पेशल नीड्स वाला एप्लीकेशन फॉर्म के लिए कृपया वेबसाइट पर स्पेशल नीड्स पेज देखें।

**सुनने में परेशानी वालों के लिए सेवाएँ** – अमेरिकन सांकेतिक भाषा या क्लोज्ड कैप्शन मॉनिटर आवश्यकता पड़ने पर स्पेशल नीड्स फॉर्म भर कर उपलब्ध किए जा सकते हैं।

**भोजन** – एक लंच बैग जिसमें एक या दो रैप्स (wraps), फल, पानी की बोतल, और एक सीरियल बार होंगे, खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। एक रैप (wrap) वाले लंच बैग की क़ीमत $3 और 2 रैप (wrap) वाले बैग की क़ीमत $5 होगी। सत्संग से पहले चाय और बिस्कुट, 25 सेंट्स की क़ीमत पर उपलब्ध होंगी। भोजन संबंधी अधिक जानकारी के लिए कृप्या डाइनिंग गाइड देखें।

**स्थानीय लोगों के साथ सम्बन्ध** (Community Relations) – सत्संग में भाग लेने वाली संगत को स्थानीय लोगों के प्रति उदार और मिलनसार होना चाहिए। हमारे सत्संग केंद्रों ने स्थानीय समुदायों और स्थानीय सरकारों के साथ अच्छे संबंध बनाए हैं और किसी ऐसे कार्य की अनुमति नहीं है जो इस संबंध को क्षति पहुंचा सकता है। कृपया होटल और रेस्टोरेंट्स में काम करने वाले कर्मचारियों को टिप देना याद रखें।

**वस्त्र, परफ्यूम, सुगंध, धूम्रपान और पालतू जानवर** – सख़्त जमीन और पार्किंग क्षेत्रों से दूर, लंबी दूरियों के कारण, चलने फिरने के लिए आरामदायक जूतों (वॉकिंग शूज़) की सलाह दी जाती है। सत्संग से पहले सत्संग हॉल का तापमान कम किया जाएगा (हॉल में ठंड हो सकती है) कृप्या उचित रूप से वस्त्र पहनें। कृपया स्वास्थ्य सम्बंधी दिक़्क़त वाले लोगों (एलर्जी, दमा, आदि) के प्रति सूझ-बूझ के साथ उदार रहें और कोई भी परफ्यूम या अन्य सुगंध न पहनें। सत्संग स्थल पर धूम्रपान और प्रमाणित सेवा जानवरों (सर्विस ऐनिमल) को छोड़कर कोई भी पालतू जानवर लाने की अनुमति नहीं है।